आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननयाक सम्राट



बर्ष :13 अंक :386 पृष्ठ -5 दिनांक 28 जनवरी 2025 दिन मंगलवार

# उत्तराखंड में नगर निकाय चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेयर के 11 पदों में से 10 पर जीत हासिल की

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निकाय चुनाव में विजयी सभी प्रत्याशियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी

**उत्तराखंड:** भाजपा ने रविवार को उत्तराखंड में नगर निकाय चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेयर के 11 पदों में से 10 पर जीत हासिल की, जबकि नगरपालिका परिषदों और नगर पंचायतों में भी अपना दबदबा बरकरार रखा. राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने को बताया कि भाजपा ने प्रदेश में मेयर की 11 सीट में से 10 पर जीत दर्ज की, जबकि एक अन्य सीट निद. लीय के खाते में गई.हालांकि, उन्होंने बताया कि शनिवार को शुरू हुई मतगणना अभी भी जारी है और प्रदेश के सभी 100 नगर निकायों के नतीजे आने में अभी और समय लग सकता है. प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदान 23 जनवरी को हुआ था. उत्तराखंड में 11 नगर निगमों, 43 नगर पालिकाओं और 46 नगर पंचायतों के लिए मतपत्रों के जरिये चुनाव हुए थे, जिसमें 65.4 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था. इन सीटों पर जीती बीजेपीमेयर पद के लिए 72 प्रत्याशियों समेत चुनाव में कुल 5,405 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए अपनी किस्मत आजमाई थी. सुशील कुमार ने बताया कि भाजपा ने देहरादून, ऋषिकेश, काशीपुर, हरिद्वार, रूड़की, कोटद्वार, रुद्रपुर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और हल्द्वानी में मेयर पद पर जीत हासिल की, जबकि निर्दलीय के खाते में



गई एकमात्र मेयर सीट पौड़ी जिले की श्रीनगर रही.कुमार के मुताबिक, देहरादून में सौरभ थपलियाल, ऋषिकेश में शंभु पासवान, काशीपुर में दीपक बाली, हरिद्वार में किरन जायसवाल, रूड़की में अनीता देवी, कोटद्वार में शैलेंद्र रावत, रुद्रपुर में विकास शर्मा, अल्मोड़ा में अजय वर्मा, पिथौरागढ़ में कल्पना देवलाल और हल्द्वानी में गजराज बिष्ट ने भाजपा के टिकट पर मेयर पद पर जीत का परचम लहराया.क्या बोले सीएम उन्होंने बताया कि श्रीनगर में मेयर पद पर निर्दलीय प्रत्याशी आरती भंडारी विजयी रहीं. नगर निकाय चुनावों के प्रचार के दौरान भाजपा ने जनता से राज्य में विकास की निर्बाध गति को कायम रखने के लिए 'ट्रिपल इंजन' सरकार के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चुनाव में विजयी रहे प्रत्याशियों को बधाई दी और उनसे अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को रफतार देने को कहा.सीएम धामी ने कहा, "निकाय चुनाव में विजयी सभी प्रत्याशियों को हार्दिक शुभकामनाएं. जनता जनार्दन ने अपने आशीष से सुयोग्य जनप्रतिनिधियों का चयन कर प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाई है. अब यह सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्य है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विकास को गति दें और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें."मुख्यमंत्री ने कहा, "हमारा लक्ष्य नगर निकायों के माध्यम से 'क्लीन' (स्वच्छ) और 'ग्रीन' (हरित) शहर की अवधारणा को धरातल पर उतारना है, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटक अपने साथ सक. ारात्मक और प्रेरणादायक अनुभव लेकर जाएं." उन्होंने नगर निकाय चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग का आभार जताया.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को देहरादून . में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। कार्यक्रम स्थल पर पानी की बोतल बैग ज्वलनशील वस्तुएं और खाद्य पदार्थ आदि ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम के दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल व उसके आसपास दो किमी का हवाई क्षेत्र को अस्थाई रेड जोन घोषित किया गया है।28 जनवरी को राष्ट्रीय खेल का शुभा. रंभ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देहरादून पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। प्रधानमंत्री आगमन को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। कार्यक्रम के दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल व उसके आसपास दो किमी का हवाई क्षेत्र को अस्थाई रेड जोन घोषित किया गया है। इस दौरान क्षेत्र में ड्रोन का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर किसी भी व्यक्ति को पानी की बोतल, बैग, ज्वलनशील वस्तुएं, खाद्य पदार्थ ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।इसके अलावा दोपहर 12 बजे के बाद जौलीग्रांट एयरपोर्ट से किसी भी प्रकार की टैक्सी व मैक्सी कैब को एयरपोर्ट तिराहा से थानों रोड की ओर नहीं आने दिया जाएगा। इस मार्ग पर केवल खेल कार्यक्रम में आने वाले और स्थानीय जनता को पहचान पत्र के आधार पर आने दिया जाएगा। 28 जनवरी को राष्ट्रीय खेल का शुभारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दे. हरादून पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। प्रधानमंत्री आगमन को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।कार्यक्रम के दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल व उसके आसपास दो किमी का हवाई क्षेत्र को अस्थाई रेड जोन घोषित किया गया है। इस दौरान क्षेत्र में ड्रोन का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर किसी भी व्यक्ति को पानी की बोतल, बैग, ज्वलनशील वस्तुएं, खाद्य पदार्थ ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।इसके अलावा दोपहर 12 बजे के बाद जौलीग्रांट एयरपोर्ट से किसी भी प्रकार की टैक्सी व मैक्सी कैब को एयरपोर्ट तिराहा से थानों रोड की ओर नहीं आने दिया जाएगा। इस मार्ग पर केवल खेल कार्यक्रम में आने वाले और स्थानीय जनता को पहचान पत्र के आधार पर आने दिया जाएगा।

## सनातन बोर्ड की मांग को धर्म संसद में संतों की मुहर से पहले लगा झटका! अखाड़ा परिषद् ने किया किनारा

उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में सोमवार को धर्म संसद का आयोजन होगा. इस आयोजन में संतों और महंतों की प्रमुख मांग होगी सनातन बोर्ड का गठन. हालांकि इस मांग के ऐलान से पहले ही इसे झटका लग गया है.उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में सा. ेमवार को धर्म संसद का आयोजन होना है. जानकारी के अनुसार धर्म संसद में आज सनातन बोर्ड की गठन की मांग की जाएगी. धर्म संसद का आह्वान कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने किया है. जिसमें कई साधु- संत शामिल होंगे. हालांकि अखाड़ा परिषद ने इससे किनारा कर लिया है.साधु-संतों की मांग है कि मंदिर प्रबंधन पर अधिकार मिले और सनातन बोर्ड का गठन हो. संतों की मांग के मुताबिक इस बोर्ड में 13 अखाड़ों को अहम जिम्मा मिले. इसमें 200 प्रमुख मंदिर शामिल होंगे. धर्म संसद के बाद केंद्र को प्रस्ताव भेजा जाएगा. मांग है कि मंदिर सरकारी नियंत्रण से बाहर हों.

28 जनवरी 2025 चतुर्दशी, माघ कृष्ण पक्ष मंगलवारआज के दिन कोई भी शुभ काम करना हो तो कर सकते हैं। आज का दिन हर दृष्टि से शुभ फलदायी है। अगर किसी शुभ काम को शुरू करना हो, गाड़ी, मकान वस्त्र -आभूषण कुछ भी खरीदना हो तो यहां जान लीजिए शुभ मुहूर्त और अशुभ मुहूर्त। मंगलवार के दिन कुछ लोगों के लिए भाग्यशाली रहने वाला है।

## संगम स्नान करेंगे गृहमंत्री अमित शाह, साथ रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## प्रयागराज महाकुंभ में सोमवार को सनातन धर्म संसद का आयोजन हुआ

प्रयागराज महाकुंभ में सोमवार को सनातन धर्म संसद का आयोजन हुआ. इस दौरान कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि वक्फ बोर्ड कहता है कि प्रयागराज की कुंभ भूमि हमारी है. किसी दिन वक्फ बोर्ड कह देगा कि पूरा भारत हमारा है तब कहां जाओगे उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू बोर्ड नहीं, पाकिस्. ताम में हिन्दू बोर्ड नहीं तो हिन्दुस्तान में वक्फ बोर्ड क्या कर रहा है. बहुत सह लिया, हिन्दू हक ले कर रहेंगे.देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि 2013 में कुंभ कि व्यवस्था उन्हें दी गई जो 15 मिनट का चौलेंज देते थे. अगर देखना चाहते हो तो ये भी अरमान पूरा करके देख लो. हमारे तो नागा साधु ही काफी हैं, मिलिट्री की जरूरत ही नहीं पड़ेगी.उन्हा. ेने कहा कि मंदिर सरकारी संरक्षण से मुक्त हो। भगवान का भोग आज क्ड तय करता है, जबकि यह अधिकार आचार्यओं का है. देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि राम मंदिर तो छोटी सी झांकी है, मथुरा का पूरा फंक्शन बाकी है.

## कासगंज मीडिया हाउस पर जोरदार .पत्रकार सम्मान समारोह

उत्तरप्रदेश कासगंज, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कासगंज के मीडिया हाउस पर पत्रकार सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया। मीडिया हाउस को रंगोलियों से सजाया गया साथ ही ध्वजारोहण किया गया , काफी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे। सभी पत्रकारों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और सम्पादक राहुल वर्मा द्वारा सभी पत्रकारों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। पत्रकार साथियों ने वार्ता की और वार्ता कर पत्रकारों को एकता बनाये रखने की वात रखी और साथ ही आज एक साथ पत्रकारों ने मिलकर गणतंत्र दिवस मनाकर एकता की मिसाल कायम की। इस कर्यक्रम में राहुल वर्मा (सम्पादक टाइम टी वी न्यूज) ,रेखावर्मा (एंकर) , हेमवती वर्मा (एंकर) , गौरी , अश्वनी यादव (अच सपअम दमू बींददमस) , पुष्पेन्द्र यादव (एंकर इंडिया टीवी ) , योगेश मुदगल , अशोक कुमार ( दैनिक भास्कर ) , अरुन कुमार राजपूत , डॉ0 चौधरी एन पी सिंह ब्यूरो चीफ दैनिक भास्कर एटा , रंजीत राय VIP NEWS मंडल उपाध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, अमित सक्सेना दैनिक जागरण मारहरा एटा, राज वर्मा (



Jan tv Etah Disst-Corospodent) , आदेश कुमार सिंह , दीपक कुमार , मोहम्मद बिलाल संवाददाता दैनिक स्वदेश समाचार पत्र मारहरा एटा) , मनीष कुमार , अनिल कुमार प्रदेश महासचिव भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) की टीम , संजय सिंह , सुबोध माहेश्वरी , राधेश्याम यादव , मुकेश यादव, सतीश वर्मा , मानपाल यादव , रवि राजपूत , जितेंद्र राजपूत , हरिओम यादव , संतोष कुमार, इंद्रपाल रा. जपूत , अमित वर्मा , मौजूद रहे ।

## बलिया में युवक का मिला . शव, हत्या का अंदेशा



बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र के एक गांव में पुलिस ने सोमवार को एक युवक का शव बरामद किया जिसके सिर पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस ने अंदेशा जताया कि युवक के सिर पर प्रहार कर हत्या की गयी है। बैरिया क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मद उस्मान ने सोमवार को बताया कि रेवती पुलिस को आज सुबह श्रीनगर ग्राम में एक शव पड़ा होने की जानकारी मिली और तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त श्रवण यादव (32) निवासी ग्राम सबलपुर, थाना बैरिया के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए और ऐसा प्रतीत होता है कि सिर पर प्रहार कर हत्या की गयी है। सीओ उस्मान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक रविवार रात को घर से निकला था और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## वाराणसी में महाकुंभ का प्रभाव, टूट रहे रिकॉर्ड, काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए लगी 2 झड तक की लंबी लाइन

महाकुंभ के पलट प्रवाह का असर काशी में देखा जा रहा है. बीते तीन से चार दिनों में काशी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है. काशी विश्वनाथ धाम के प्रमुख प्रवेश मार्ग पर 1 से 2 किलोमीटर लंबी कतार देखी जा रही है. इतना ही नहीं देर रात्रि 11रू00 बजे कपाट बंद होने के बाद सुरक्षा कर्मियों की तरफ से श्रद्धालुओं को यह बात समझाई जा रही है कि अब अगले दिन आप दर्शन के लिए कतार में लगकर बाबा के दरबार में दर्शन करने के लिए आइए .प्रयागराज से काशी पहुंच रहे हैं श्रद्धालु वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में बीते 3 से 4 दिनों से रोजाना 3.5 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं. सुबह से लेकर देर रात्रि तक विश्वनाथ मंदिर के ठीक बाहर लंबी कतार देखी जा रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्यादातर श्रद्धालु प्रयागराज संगम में महाकुंभ स्नान के बाद सीधा वाराणसी आ रहे हैं जो मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंच रहे. इससे पहले भी अनुमान लगाया गया था कि 10 करोड़ श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रयागराज कुंभ के दौरान दर्शन करने के लिए आ सकते हैं. निश्चित ही सावन और महाशिवरात्रि से भी ज्यादा भीड़ इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर में देखी जा रही है. मंदिर परिसर से तकरीबन 2 किलोमीटर दूरी पर ही बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दिया गया है. इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से वाराणसी शहरी क्षेत्र के स्कूलों को 5 फरवरी तक ऑनलाइन मोड में चलाने का दिशा निर्देश दिया गया है.

## यूपी में फिर बदलेगा मौसम, अगले 48 घंटों में तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट

यूपी में एक बार फिर से मौसम करवट बदलेगा। मौसम विभाग ने 29 जनवरी को तेज हवा के साथ वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। इससे तापमान में गिरावट आएगी। मौसम विज्ञानी मोहम्मद दानिश ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ पूर्वी यूपी के कुछ जिलों में सुबह कोहरा रह सकता है। दोपहर में धूप निकलेगी। तापमान में सोमवार से थोड़ा गिरावट देखने को मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते 29 जनवरी को तेज हवा के साथ वर्षा हो सकती है।यूपी का



मौसम पिछले कुछ दिनों से लगातार बदल रहा है। किसी जिले में तेज धूप तो किसी में घना को. हरा छाया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश में तीस से चालीस किलोमीटर की ठंडी हवाएं चलने से ठंड का एहसास होगा। हालांकि कुछ जिलों में 31 जनवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। नया पश्चिमी विक्षोभइस दौरान प्रदेश ग्रीन जोन में रहेगा, यानी मौसम पूरी तरह अनुकूल रहेगा। लेकिन एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रयि हो रहा है जो 29जनवरी से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों को प्रभावित करेगा। उसके बाद 31 जनवरी तक पश्चिमी यूपी के कई जिलों में इसका प्रभाव देखने को मिलेगा, जिससे बारिश होने की संभावना बन रही है।

# परेड की राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने ली सलामी

## 24 पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित



76वें गणतंत्र दिवस पर हाथरस की रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सलामी ली। साथ ही सराहनीय कार्य करने वाले 24 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का आयोजन हुआ। यूपी के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सलामी ली । सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने परेड कमांडर प्रथम बतौर परेड का नेतृत्व किया, साथ में राजकुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक (द्वितीय कमाण्डर), सुशील कुमार, उ0नि0सशस्त्र पुलिस (तृतीय कमाण्डर) रहे। परेड में आठ टोलियों ने भाग लिया, जिसमें सिविल पुलिस, पुलिस लाइन प्लाटून, पीएसी, महिला पुलिस, मोटरसा. ईकिल दस्ता, पीआरवी वाहन, वज्र वाहन, रेडियो शाखा, फील्ड यूनिट, श्वान दल, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां रहीं । राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने ध्वजारोहण किया । शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़े गये । जिसके बाद परेड का निरीक्षण किया गया । इसके उपरान्त परेड द्वारा हर्ष फायर कर, मार्च पास्ट एवं सलामी दी गई । तत्पश्चात सभी को संविधान में उल्लिखित संकल्प की शपथ ग्रहण करायी गयी राज्य मंत्री धम. वीर प्रजापति ने कहा कि भारत के लिए गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं बल्कि गौरव और सम्मान है । यह दिवस हर भारतीय का अभिमान है । समारोह में सराहनीय कार्य करने व विशिष्ट योगदान देने वाले 24 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया । गणतंत्र दिवस समारोह में श्री रामचन्द्र अग्रवाल कन्या इण्टर कॉलेज, श्रीमती रामश्री देवी कन्या इण्टर कॉलेज सादाबाद, कस्तूरबा गांधी बा. लिका विद्यालय हाथरस, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय सासनी, दून पब्लिक स्कूल, सीमैक्स इन्टरनेशनल स्कूल सासनी, सेन्ट फ्रांसिस इण्टर कॉलेज हाथरस, बीएलएस पब्लिक स्कूल हाथरस, मातृछाया साधना केन्द्र हाथरस आदि के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन्हें मिला सम्मान राष्ट्रपति का पुलिस पदक 1. सेवानिवृत् उ0नि0स0पु0 राजपाल सिंह 2. मु0आ0चा0 ज्वाला प्रसाद थाना मुरसान जनपद हाथरस पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह गोल्ड मैडल1. उ0नि0 धीरज गौतम एसओजी जनपद हाथरस 2. मु0आ0 सचिन कुमार एसओजी जनपद हाथरस पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मैडल 1. निरीक्षक गिरीश चन्द्र गौतम प्रभारी एसओजी जनपद हाथरस पुलिस महानिदेशक का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह 1. निरीक्षक शिवकुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस 2. मु0आ0चा0 त्रिलोक चन्द्र शर्मा थाना सासनी जनपद हाथरस पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा का अति उत्कृष्टध् सराहनीय प्रशंसा पत्र सम्मान चिन्ह 1. निरीक्षक सतेन्द्र राघव– प्रशंसा पत्र अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा का अति उत्कृष्टध्सराहनीय प्रदत्त प्रशंसा पत्र सम्मान चिन्ह1. कम्प्यूटर आपरेटर उमेश कुमार दृ प्रशंसा पत्र 2. आरक्षी 625 अशोक कुमार– प्रशंसा पत्र 3. आरक्षी 183 शशि कुमार– प्रशंसा पत्र 4. महिला आरक्षी327 बबली – प्रशंसा पत्र परेड कमाण्डरों को स्मृति चिन्ह1. प्रथम कमाण्डर– हिमांशु माथुर, क्षेत्राधिकारी लाइन ध् सादाबाद 2. द्वितीय कमाण्डर – राजकुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक3. तृतीय कमाण्डर– सुशील कुमार, उ0नि0 सशस्त्र पुलिस परेड में सम्मिलित प्लाटून कमाण्डरो को स्मृति चिन्ह 1. प्रथम टोली कमाण्डर– उ0नि0 सचिन कुमार चौधरी 2. द्वितीय टोली कमाण्डर– उ0नि0प्र0 अजयराज 3. तृतीय टोली कमाण्डर– उ0नि0प्र0 धर्मेन्द निरंजन 4. चतुर्थ टोली कमाण्डर– उ0नि0 बीनेश कुमार 5. पंचम टोली कमाण्डर– म0उ0नि0 रितु तोमर6. षष्टम टोली कमाण्डर– उ0नि0 प्रशांन्त मोहन 7. सप्तम टोली कमाण्डर– अजीत सोनी8. अष्टम टोली कमाण्डर– कुमारी रश्मी 9. मोटर साइकिल दस्ता दृ उ0नि0 ममता

# गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय . किसान यूनियन टिकैत ने निकाली .विशाल ट्रैक्टर तिरंगा मार्च



हाथरस। रविवार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आवाह्न पर संजीव कुमार भोला सूर्यवंशी जिला संगठन मंत्री, चौधरी मलखान सिंह प्रदेश उपध्यक्ष ने विशाल ट्रैक्टर तिरंगा मार्च का आयोजन किया गया। इस मौके पर देश के अमर शहीदों को याद किया गया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। ट्रैक्टर तिरंगा मार्च गोहाना नया नगला से सासनी भोजगड़ी, तिलौठी, अजरोई होते हुए तहसील परिसर सासनी पर समापन किया गया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता व क्षेत्रीय किसान सैकडॉन ट्रैक्टर सहित हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर कोतवाली सासनी एस,एस,आई राहुल पांचाल कस्बा प्रभारी यतेन्द्र सिंह सहित पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा। इस अवसर पर चौधरी मलखान सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार भोला सूर्यवंशी जिला संगठन मंत्री विष्णु चौधरी तहसील अध्यक्ष सासनी, बंटी ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष, नरेन्द्र सिंह खन्ना ठाकुर तहसील उपाध्यक्ष ,सुनील शर्मा ललित बघेल ब्लॉक उपध्यक्ष, मूलचंद बघेल तहसील सचिव,राजकुमार सिंह,रोहित चौधरी, देवा पंडित, मनीष कुशवाह,सोनू निगम,साहित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# जनपद न्यायालय, हाथरस में दिनांक 26 जनवरी, 2025 को मनाये गये गणतन्त्र दिवस पर संविधान की प्रस्तावना



हाथरस। आज दिनांक 26 जनवरी, 2025 को जनपद न्यायालय परिसर हाथरस में जनपद न्यायाधीश, हाथरस सतेन्द्र कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इसके उपरान्त जनपद न्यायाधीश, द्वारा गणतन्त्र दिवस के अवसर पर भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया, जिसे समस्त न्यायिक अधिकारीगण, समस्त कर्मचारीगण व अधिवक्तागण द्वारा अक्षरशः पाठन किया गया।जनपद न्यायाधीश न्यायालय द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा गया कि आज हम 76वॉ गणतन्त्र दिवस मना रहे हैं। गणतन्त्र दिवस हर साल 26 जनवरी को हमारे देश में बहुत खुशी और गर्व के साथ मनाया जाता है। आज ही के दिन 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ था। हम सभी जानते हैं कि भारत को स्वतंत्रता 15 अगस्त 1947 को मिली थी, लेकिन राष्ट्र का अपना कोई संविधान नहीं था इसी दिन यानी 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था जिसे बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर ने बनाया था। आज इसी संविधान के वजह से हमारा देश पूर्ण गणतंत्र है। इस दिन सबसे पहले भारत के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति इंडिया गेट पर स्थित अमर जवान ज्योति पर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। एक लोकतांत्रिक देश में रहना हम सबके लिए गर्व की बात है। स्वतंत्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए संविधान को 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे एक लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू किया गया। जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा यह भी कहा गया कि हमारा संविधान 26 नवम्बर 1949 को कुछ लागू हो गया था, तथा पूर्ण संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। जिसे हम गणतन्त्र दिवस के रूप में मनाते हैं। भारतीय संविधान की प्रस्ता. वना में संविधान का मूल सार है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी अधिकारीगण एंव कर्मचारीगण संकल्प लेते हैं कि हम अपने संविधान का पूर्ण रूपेण पालन करेंगें तथा उसे अक्षुण बनाये रखेंगें।

# हाथरस में पिछले एक सप्ताह से मौसम में आए बदलाव ने लोगों की सेहत को किया प्रभावित

हाथरस में पिछले एक सप्ताह से मौसम में आए बदलाव ने लोगों की सेहत को प्रभावित किया है। दिन में तेज धूप और शाम से सुबह तक सर्दी का मौसम लोगों को बीमार कर रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 300 से अधिक मरीज खांसी, जुकाम, बुखार और सांस फूलने की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सरकारी एमडीटीबी अस्पताल में भी इन्हीं बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। साथ ही, निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है।सर्दी से करें अपना बचाव सरकारी एमडीटीबी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. एमआई आलम ने स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान में मौसम परिवर्तन के कारण सर्वाधिक मरीज खांसी, बुखार और जुकाम से पीड़ित हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि वे ठंडी चीजों से परहेज करें और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखें।

# सिकंद्राराऊ रोड स्थित चौबे वाले महादेव के .पास एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया



हाथरस में आज सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। सिकंद्राराऊ रोड स्थित चौबे वाले महादेव के पास एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 8 यात्री घायल हो गए, जिनमें से तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।गंभीर रूप से घायल यात्रियों में 65 वर्षीय लीलावती (निवासी बरहन, आगरा), 56 वर्षीय मालती देवी (निवासी रहेरी, थाना हाथरस गेट) और बैनीराम (निवासी बरोठ, थाना इगलास, अलीगढ़) शामिल हैं। हादसे के समय टेंपो हाथरस से हा. थरस जंक्शन की ओर जा रहा था। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और यात्रियों की चीख–पुकार से आसपास के लोग इकट्ठे हो गए।लोगों ने घायलों को पहुंचाया जिला अस्पताल स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को टेंपो से बाहर निकाला और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। कुछ घायलों ने निजी अस्पतालों में भी इलाज कराया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को सुचारु किया।

# RSS प्रमुख मोहन भागवत को हाथरस के वकील ने भेजा लीगल नोटिस, लगाए गंभीर आरोप



उत्तर प्रदेश के हाथरस में आरएसएस की शाखाओं में भगवा ध्वज को एक हाथ से सलामी देने पर एक अधिवक्ता ने आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को कानूनी नोटिस भेजा है। आरोप है कि संघ के कार्यक्रमों में भगवा ध्वज को एक हाथ से सलामी दी जाती है, जो सनातन का अपमान है।हाथरस जिले के सिविल कोर्ट सादाबाद के अधिवक्ता सुनील कुमार ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर भगवा ध्वज को सलामी देने को अनुचित बताया है। उन्होंने इस संबंध में संघ प्रमुख मोहन भागवत को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि संघ की शाखाओं में आपके और संघ के पदाधिकारियों व स्वयंसेवकों द्वारा जिस तरह से परम पवित्र भगवा ध्वज को सलामी दी जाती है, वह अनुचित है। भगवा ध्वज सनातन, हिंदू संस्कृति और धर्म का सनातन प्रतीक है। सनातन परंपरा के अनुसार प्रणाम एक हाथ से नहीं, बल्कि दोनों हाथ जोड़कर किया जाता है।उन्होंने अपने नोटिस में यह भी कहा कि सनातन के अनुसार गुरु को एक हाथ से नहीं, बल्कि हाथ जोड़कर अभिवादन किया जाता है। इससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने कहा है कि अगर उन्हें 60 दिनों के भीतर कानूनी नोटिस का जवाब नहीं मिला तो वे अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देना आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# उत्तर प्रदेश दिवस और 76 वां गणतंत्र दिवस नगर निगम में धूमधाम से मनाया गया

उत्तर प्रदेश दिवस और 76 वां गणतंत्र दिवस नगर निगम में मनाया गया धूमधाम से– संविधान के प्रति निष्ठावान कृतज्ञ रहने का महापौर व नगर आयुक्त ने दिलाया संकल्पमहापौर व नगरायुक्त ने तिरंगा फहराया–संविधान की शपथ दिलाते हुए अधिकारी और कर्मचारियों को टीम भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने का किया आह्वानमहापुरुषों को किया गया याद–स्वतंत्रता संग्राम सेनानियें की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण–महापौर नगर आयुक्त ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानितटीवी मुक्त भारत के लिए जे एन मेडिकल कॉलेज के सहयोग से नगर निगम सफाई कर्मचारियों के लिए लगाया गया हेल्थ कैम्प–शासन की गाइड लाइन अनुसार दिनांक 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस धूमधाम से मनाए जाने के क्रम में 76 वां गणतंत्र दिवस और उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस नगर निगम अलीगढ़ में महापौर प्रशान्त सिंघल व नगर आयुक्त विनोद कुमार के नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दुल्हन की तरह नगर निगम सेवा भवन को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया तो वही परंपरागत गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 7रू00 से 8रू00 के बीच नगरीय क्षेत्र में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर निगम अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में माल्यार्पण किया गया।महापौर और नगर आयुक्त ने पार्षदोंध्अधिकारी व कर्मचारियों कीमौजूदगी में संयुक्त रूप से सेवाभवन और जवाहर भवन में तिरंगा फहराया और संविधान के प्रति निष्ठावान रहने का संकल्प दिलाया। नगर निगम सेवाभवन में आयोजित सांस्कतिक कार्यक्रम में महापौर, नगर आयुक्त पार्षद सहित अधिकारी कर्मचारियों ने भारत के संविधान और आजादी के अमर वीर सपूतों के जीवन पर प्रकाश डाला।भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम



सेनानियों के परिजनों, को महापौर नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव उप सभापति दिनेश जादौन ने संयुक्त रूप से शॉल उड़ाकर माला पहनाकर सम्मानित किया वही बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित कियानगर आयुक्त विनोद कुमार ने गणतंत्र की परिभाषा को समझाते हुए कहा कोई भी काम करने से पूर्व अपने संविधान की शपथ ले संविधान में दिए गए एक एक शब्द का अपने जीवन व कार्यशैली में पालन करें तभी हम सच्चे भारतीय कहलायेंगे।महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा हमें गर्व है अपने संविधान पर विकसित भारत की परिकल. पना को सिद्ध करने के लिए सभी देशवासियों को एकजुट होकर संविधान का अनुश्रवण करने की जरूरत है।टीबी मुक्त भारत के लिए हेल्थ कैम्प।

76वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर अलीगढ नगर द्वारा जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एएमयू के सहयोग से कल्याण सिंह हेबिटेट सेंटर मे सफाई मित्रों का शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सफाई मित्रों की बारीकी से जांच कर उपचार दिया गया। जिसमे जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एएमयू की टीम द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। नगर आयुक्त व महापौर ने कैम्प का उद्घाटन करते हुए सफाई मित्रों को स्वस्थ जीवन के महत्व से अवगत कराया तथा उनके सफाई में योगदान की सराहना की। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के डेंटल कॉलेज से डा०असद एवं उनकी टीम, म्छज विभाग के डॉ रुविना, डॉ तौसिफ संचम टीवी एव चेस्ट के डॉ शमीम एवम उनकी टीम नेत्र विभाग से डॉ शाकिब एवं उनकी टीम द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परिक्षण किया कैम्प के आयोजन में राजेश शुक्ला एवं उनकी संस्था धर्म संस्कृति संगम का पूर्ण सहयोग रहा।ये रहे मौजूदकार्यक्रम में पार्षद दिनेश जादौन अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह मुख्य अभियंता सुरेश चन्द अधिशासी अभियंता विजेंद्र सिंह सहायक लेखाधिकारी भरत कुमार सहायक अभियंता सिब्ते हैदर पुष्पेंद्र सिंह पशु कल्याण अधिकारी राजेश गुप्ता कर निर्धारण अधिकारी आरपी सिंह कर अधीक्षक विशाल सिंह आरके कमल बेचौन सिंह नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय सक्सेना मंत्री मानवेन्द्र बघेल विजय गुप्ता नगर सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष राजकुमार खन्ना मंत्री राधे धुरी सतेंद्र सिंह देशदीपक एहसान रब,सीपी सिंह,ललित जौहरी,राजकुमार बंसल शालीन मुर्तिजा संदीप शर्मा एसएफआई अनिल आजाद बिशन सिंह अनिल सिंह,योगेंद्र यादव प्रदीप पाल डॉ रामजीलाल डॉ तरुण मोहन शर्मा सतीश सहित अनेकों पार्षदगण कर्मचारी मौजूद थे।

# अलीगढ़ में रोजगार मेला 29 जनवरी को, 800 पदों पर 10 कंपनियां करेंगी चयन, ऐसे करें रजिस्ट्रेशन



अलीगढ़ का क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर व एचआई इण्टर कालेज 29 जनवरी को बरौली रोड के शहंशाहबाद स्थित पटवारी नगला पुलिस चौकी के पास एचआई इण्टर कालेज में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में 10 कंपनियां लगभग 800 पदों पर चयन करेंगी। रोजगार मेला में मार्केटिंग, अकाउण्टेंट, प्रोडक्शन एसोसिएट, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स, वेलनेस एडवाईजर, सुपरवाईजर, स्टोर इंचार्ज, पैकिंग इन्चार्ज, टेलीकालर आदि पदों पर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्ला. मा, बीटेक, बीबीए, बीसीए, एमबीए अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। रोजगार मेले में फायर सेफ्टी अकेडमी अलीगढ, ईएफएसएम प्रालि सुडियाल, जीलौग लौजिस्टिक सौल्यूसन्स प्रालि नोयडा, विजन इण्डिया सर्विस नोयडा, टाटा स्ट्राईव स्किल डवलपमेंट सेंटर अलीगढ़ आदि कंपनी आ रही हैं। यहां पर मार्केटिंग, अकाउण्टेंट, प्रोडक्शन एसोसिएट, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स, वेलनेस एडवाईजर, सुपरवाईजर, स्टोर इंचार्ज, पैकिंग इन्चार्ज, टेलीकालर आदि पदों पर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, बीबीए, बीसीए, एमबीए अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।ऐसे करें प्रतिभाग क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam-up-gov-in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें। रोजगार मेले में अभ्यर्थी को अपने साथ पंजीयन कार्ड (एक्स–10), समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की फोटो एवं मूल प्रति, फोटो आईडी, दो फोटो एवं रिज्यूम लाना होगा।

# कार में मिली युवक की लाश, पिस्टल भी पड़ी मिली, दवा विक्रेता के बेटे का है शव

अलीगढ़ के तालानगरी में एक कार के अंदर युवक की लाश मिली है। लाश के पास ही एक पिस्टल भी पड़ी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला हत्या का है या आत्महत्या, के लिए जांच में जुट गई है। शव दवा विक्रेता के बेटे का बताया जा रहा है।तालानगरी में डीपीएस स्कूल के सामने काले रंग की खड़ी हुई कार में एक युवक का शव मिला है। शव के पास ही एक पिस्टल भी मिली है। मृतक के गोली लगी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शव की सूचना पर तालानगरी में घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ लगी हुई है। हालांकि शुरुआत में कई राउंड फायरिंग व हत्या का शोर मचा था, मगर फारेंसिक व पुलिस की शुरुआती जांच में आत्महत्या का मामला माना जा रहा है।बताया जा रहा है कि मूल रूप से अकराबाद निवासी दवा विक्रेता राजू यादव का परिवार शहर के कावेरी वाटिका इलाके में रहता है। उनके बेटे समीर यादव का शव कार में बंद मिला है। जांच में आत्महत्या का अंदेशा जताया जा रहा है।

# भुजपुरा मे डेयरी संचालको पर 33000 का भारी जुर्माना- डेयरी संचालकों को जमकर लगाई फटकार




अलीगढ़ में अवैध डेयरी संचालको द्वारा गोबर व गंदगी सड़क व नालियों में बहाने के कारण सफाई व्यवस्था में आ रही बाधा हो देखते हुए सोमवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार के निर्देश पर पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी रा. जेश गुप्ता के नेतृत्व में भुजपुरा में डेयरी संचालकों पर कार्यवाई करते हुए 33000 का जुर्माना वसूल किया।पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा के साथ नगर निगम इंफोर्समेंट स्वास्थ्य टीम ने जोन 3 अन्तर्गत भुजपुरा में अवैध डेयरी संचालकों के विरुद्ध कार्यवाई के लिये अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई करते हुए पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी ने नालियों में गोबर बहाने वालो के डेयरी संचालकों के विरुद्ध कार्यवाई करते हुए 33000 का जुर्माना वसूलते हुए डेयरी संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए गोबर व गंदगी नाले नालियों में न बहाने की कड़ी हिदायत दी नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा शहर की छवि खराब करने वालो के विरुद्ध नगर निगम सख्त से सख्त कदम उठाएंगे जो लोग लगातार चेता. वनी के बावजूद सफाई व्यवस्था को बाधित कर रहे है उनको चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए अधिनस्थों को निर्देश दिए गए है।

# धीरज पैलेस पर राष्ट्रगान के साथ हुआ ध्वजारोहण



अलीगढ़। गणतंत्र दिवस पर गांधी पार्क चौराहे स्थित धीरज पैलेस में राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया गया। मुख्यातिथि महापौर पत्नी पूजा सिंघल और विशिष्ट अतिथि एयर फोर्स के विंग कमांडर प्रियम वार्ष्णेय, विंग कमांडर स्नेहल सतीजा और मेघा सिंघल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। वहीं, प्रमुख रूप से पंकज धीरज, डॉ देवेंद्र कुमार, काजल धीरज,मेघा वार्ष्णेय,साधना वार्ष्णेय आदि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ महानगर के किड्डू प्ले स्कूल वसुंधरा कॉलोनी मथुरा रोड पर गणतंत्र दिवस देशभक्ति के जोश और उत्साह के साथ मनाया गया



अलीगढ़ महानगर के किड्डू प्ले स्कूल वसुंधरा कॉलोनी मथुरा रोड पर गणतंत्र दिवस देशभक्ति के जोश और उत्साह के साथ मनाया गया।किड्डू प्ले स्कूल के प्रधानाचार्य ने अखिल भारतीय मिथिला पार्टी के सभी पदाधिकारियों का पटका पहनकर स्वागत किया गया और सभी ने मिलकर ध्वजारोहण किया और सभी नगर वासियों को शुभ कामनाएं दी।और सभी बच्चों को संविधान की विषय में बताया गया और संविधान की शपथ दिलाई गई है यह कार्यक्रम बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने और शिक्षा का महत्व समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। बच्चों द्वारा भक्ति के गीत एवं रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं किड्डू प्ले स्कूल की प्रधानाचार्य कृति गॉड ने,बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खुशहाल माहौल प्रदान करना और उन्हें राष्ट्रीय पर्वों की महत्ता से परिचित कराना था गणतंत्र दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मिथिला पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहां कि हम गणतंत्र दिवस का मायना समझें और हम सभी शहीदों के बारे में जाने उनके अधूरें सपनों को पुरा करें शिक्षित समाज बनाने के लिए शोषण मुक्त समाज आंधी आबादी महिलाओं की सामा. जिक सुरक्षा की बात भय मुक्त वातावरण होगा तो हम सब एक अच्छा समाज बना सकते हैंकार्यक्रम मे उपस्थित रहे।राम गोपाल शर्मा जी,सुनील शर्मा जी,नेत्रपाल शर्मा जी,डॉ विनीत शर्मा जी,अर्पित जी रोहित शर्मा जी प्रदीप कुमार शर्मा जी, आदि लोग कार्यक्रम मैं शामिल रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रथम उद्योग एवं व्यापार बन्धु बैठक संपन्न

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग एवं व्यापार बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने अपनी प्रथम उद्योग बन्धु बैठक में जिले में अवस्थित वृहद एवं मिनी औद्योगिक आस्थानों के बारे में जानकारी प्राप्त की, इस पर उपायुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले में तालानगरी के साथ ही अतरौली, जवां एवं खैर में मिनी औद्योगिक आस्थान है जबकि गभाना के ख्यामई में लगभग 116 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जा रहा है जिसे दिसम्बर 2025 तक पूरा करा दिया जाएगा। उन्होंने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए कि जिले में 08 बड़ी मीट इकाईयां हैं जिनमें से वर्तमान में 02 इकाईयां बंद हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि ताला उद्योग अलीगढ़ की पहचान है और इससे अलीगढ़ के साथ ही आस–पास के जिलों के मजदूर वर्ग की आजीविका चलती है। ऐसे में संबंधित अधिकारी एवं उद्यमी आपसी समन्वय से उद्योगों की प्रगति के लिए प्रयासरत रहें।समीक्षा बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्र तालानगरी में विद्युत आपूर्ति को पंचम सब स्टेशन से जोड़े जाने एवं 132 केबीए उपकेंद्र की स्थापना के संबंध में अधिशासी अभियंता तृतीय विद्युत ने बताया कि 132 केबीए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है, जबकि तालानगरी को विद्युत उपकेन्द्र बौनेर से जोड़ने के लिए तकनीकी अनुमोदन हेतु प्रबंध निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। इस डीएम ने जल्द से जल्द विद्युत उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति सु. निश्चित कराने के निर्देश दिए। दाऊद खॉ स्टेशन के निकट स्टफिंग सेंटर की स्थापना के संबंध में अवगत कराया गया कि उद्यमियों की मांग परडीएफसीसीआईएल भारतीय रेलवे की जीएसटी नीति के तहत सार्वजनिक निजी भागेदारी के साथ न्यू दाऊद खॉ में फ्रेट टर्मिनल का निर्माण कराया जा रहा है। डिएम ने आद्योगिक आस्थान आईटीआई रोड पर क्षतिग्रस्त सड़क के मरम्मत कार्य के संबंध में नगर निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि 01 फरवरी ने नुमाइश भी आरम्भ होने वाली है ऐसे में आईटीआई रोड एवं नुमाइश रोड की मरम्मत का कार्य जल्द ही पूर्ण करा लिया जाए। इसके साथ ही डीएम ने नगर निगम को आईटीआई रोड के साथ ही क्वार्सी चौराहे से तालानगरी तक खराब स्ट्रीट लाइट्स के दुरूस्तीकरण के भी निर्देश दिए।निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि विगत माह में जिलास्तर पर 1108 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से यूपीसीडा एवं एडीए का 01–01 प्रकरण समय सीमा के उपरांत निस्तारण के लिए लंबित है आवेदन के प्राप्त होते ही उसके समाधान में लग जाएं। डीएम ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के माध्यम से जिले में स्थापित नवीन औद्योगिक इकाईयों के संचालन एवं उत्पादन की स्थिति स्पष्ट करने के संबंध में सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि इकाईयों का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक मे 02 औद्योगिक ईकाईयों द्वारा स्टाम्प ड्यूटी छूट योजनान्तर्गत बन्धक बैंक गारन्टी को अवमुक्त या जब्त किए जाने के संबंध मेंट यापार बन्धु बैठक में गॉधी पार्क पर शौचालय निर्माण के संबंध में नगर निगम ने बताया कि कार्य आरम्भ हो गया है जिसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में शहर के प्रमुख मार्गो रेलवे रोड, शाहजमाल, रामघाट रोड, आगरा रोड पर जाम एवं अतिक्रमण की समस्या पर जिलाधिकारी ने सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए सुगम यातायात के लिए स्थान चिन्हित कर यू–टर्न, डायवर्जन, वन–वे, नो–एंट्री के साइनेज लगाते हुए बनाए गए बैठक से पूर्व उद्यमियों एवं व्यापारियों ने जिलाधिकारी का अलीगढ़ में कार्यभर ग्रहण करने एवं प्रथम उद्योग बन्धु बैठक के लिए पुष्प् गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार समेत उद्यमी नेकराम शर्मा, सतीश माहेश्वरी, चन्द्रशेखर शर्मा, लल्लू सिंह, एन0के0 खान गॉधी, प्रदीप गंगा, दिनेश चन्द्र वार्ष्णेय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मन्नत हुई पूरी, तो भक्त ने सांवलिया सेठ को भेंट किया चांदी का रावण

## बारिश रुकने की मन्नत पूरी होने पर अनोखी भेंट चढ़ाई.

उदयपुर. चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर में रविवार को एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब बड़ी सादड़ी के निवासी छोटूलाल वाल्मीकि ने भगवान को चांदी से बना 141 ग्राम का रावण का पुतला भेंट किया. भक्त ने यह भेंट पिछले साल दशहरा मेले में बारिश रुकने की मन्नत पूरी होने पर चढ़ाई. छोटूलाल ने बताया कि 2024 में निंबा. हेड़ा मेले के लिए उन्हें रावण के 76 फीट ऊंचे पुतले बनाने का टेंडर मिला था. लगातार बारिश के कारण उनके काम पर संकट आ गया था. उन्होंने भग. वान सांवलिया सेठ से प्रार्थना की थी कि बारिश रुक जाए. चमत्कारिक रूप से तीन घंटे बारिश थम गई, जिससे रावण दहन सफलतापूर्वक हो सका. बाद में, उन्होंने अपनी मन्नत पूरी करने के लिए चांदी का रावण बनवाकर मंदिर में भेंट किया.भगवान के प्रति आस्था छोटूलाल का कहना है कि उनकी आर्थिक स्थिति पहले बहुत कमजोर थी, लेकिन सां. वलिया सेठ की कृपा से अब वे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय चला रहे हैं. उनकी सभी गाड़ियों पर भगवान का नाम लिखा है, और वे हर महीने दर्शन के लिए मंदिर आते हैं.पत्नी की प्रेरणा से शुरू किया काम छोटूलाल ने रावण पुतला बनाने की शुरुआत अपनी पत्नी किरण की प्रेरणा से की. एक मेले में रावण का पुतला देखकर उन्होंने इसे बेहतर बनाने का दावा किया था. उनकी पत्नी ने उन्हें इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद उन्होंने इस काम को अपना करियर बना लिया.12 साल से रावण पुतले बनाने वाले छोटूलाल को 2016 में राष्ट्रीय पुरस्कार से भी नवाजा गया. वे हर साल लगभग 10 रावण पुतले बनाते हैं और निंबाहेड़ा, उदयपुर, नाथद्वारा सहित कई स्थानों पर यह काम कर चुके हैं. छोटूलाल के परिवार में उनकी दिव्यांग पत्नी और तीन बच्चे हैं. उनका सबसे छोटा बेटा शुभम सांवलिया सेठ का बड़ा भक्त है और हर धार्मिक आयोजन में उत्साह से भाग लेता है. मंदिर प्रबंधन का स्वागत सांवलिया सेठ मंदिर मंडल के सदस्य संजय मंडोवरा ने छोटूलाल की भेंट को स्वीकार कर उन्हें परंपरागत उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया. इस भेंट ने मंदिर में श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया और भक्तों के बीच आस्था का नया उदाहरण पेश किया.

# हिंदू धर्म में बसंत पंचमी पर्व का विशेष महत्व

हर साल माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन विद्या और कला की देवी सरस्वती जी की पूजा का विधान है, इसलिए इस दिन को श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। बसंत पंचमी के दिन नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ माना जाता है। खासतौर पर नई विद्या आरंभ करना, नया काम शुरू करना, बच्चों का मुंडन संस्कार, अ. नप्राशन संस्कार, गृह प्रवेश या अन्य कोई शुभ काम करना बहुत ही अच्छा माना जाता है। इसके साथ ही बसंत पंचमी के दिन पीले रंग के नए कपड़े पहनना शुभदायी होता है। इसके अलावा बसंत पंचमी के दिन इन चीजों का दान करने से धन–धान्य में तेजी से वृद्धि होती है और मां सरस्वती की खास कृपा प्राप्त होती है। बसंत पंचमी के दिन करें इन चीजों का दानशिक्षा से जुड़ी चीजेंबसंत पंचमी कि दिन शिक्षा से जुड़ी हुई चीजों का दान करना बेहद ही लाभकारी माना जाता है। इन चीजों का दान करने से व्यक्ति को अपने करियर में तेजी उन्नति और सफलता मिलती है। पेन–किताबबसंत पंचमी के दिन गरीब और जरूरतमंद बच्चों को किताब, कॉपी, पेन और पेंसिल का दान करें। इन चीजों का दान करने से व्यक्ति पर माता सरस्वती की विशेष कृपा बरसती है और उसे हर क्षेत्र में कामयाबी मिलती है।धनबसंत पंचमी के दिन अपनी क्षमतानुसार गरीबों को धन का दान करें। इस दिन धन का दान बहुत ही उत्तम माना जाता है। कहते हैं कि बसंत पंचमी के दिन धन का दान करने से घर की तिजोरी पैसों से सदैव भरी रहती है। अन्न बसंच पंचमी के दिन अन्न का दान भी बहुत ही शुभदायी माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन अन्न का दान करने से घर का भंडार सदैव भरा रहता है। घर में कभी भी धन–धान्य की कमी नहीं होती है। पीली चीजों का दानबसंत पंचमी के दिन पीली चीजों का दान करने से घर में खुशियों का आगमन होता है। बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र, पीली मिठाई आदि चीजों का दान अवश्य करें। बसंत पंचमी 2025 डेट और मुहूर्तबसंत पंचमी तिथि– 2 फरवरी 2025पंचमी तिथि प्रा. रंभ– 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट पर पंचमी तिथि समाप्त– 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर बसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा का शुभ मुहूर्त– सुबह 7 बजकर 12 मिनट से दोपहर 12 बजकर 52 मिनट तक

# राम नगरी अयोध्या में आस्था का जनसैलाब, चप्पे-चप्पे पर पुलिस

भगवान राम के दर्शन के लिए रामनगरी अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। सोमवार को भी भगवान राम के दर्शन के लिए रामपथ पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। पुलिस–प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। इस दौरान रूट को भी डायवर्ट किया गया।हाल ही में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया गया था, जिसके बाद से ही अयोध्या पहुंचने वाले भक्तों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सोमवार को भी राम मंदिर जाने वाले रास्ते पर दूर–दूर तक श्रद्धालु दिखाई दिए। इस दौरान पुलिस की तरफ से राम मंदिर को जाने वाले रास्ते रामपथ पर श्रद्धालुओं के लिए दो लाइन बनाई गई, ताकि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो। इससे पहले राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने राम मंदिर आने वाले भक्तों के बारे में जानक. ारी दी थी। उन्होंने बताया था कि बहुत सारे श्रद्धालु कुंभ के बाद अयोध्या में भी भगवान राम के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। महाकुंभ के कारण अयोध्या में



प्रतिदिन औसतन दो लाख से अधिक भक्तों की संख्या बढ़ी है। इससे भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए कुछ स्थानों पर निर्माण रोक दिया गया है। निर्माण फरवरी तक रुका रह सकता है।एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 22 जनवरी (अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार) को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर अयोध्या में श्रद्धालु जुटे थे। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए थे। एक अनुमान के मुताबिक, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला बढ़ा है। हर दिन नए रिकॉर्ड बने हैं। मौजूदा समय में हर रोज आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से देश के प्रमुख धर्म स्थलों में नंबर एक पर है। अयोध्या में साल 2016 से पहले हर साल औसतन 2.83 लाख पर्यटकों और श्रद्धालुओं का आगमन होता था। हालांकि, अब रोजाना लगभग एक से डेढ़ लाख लोग दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। सितंबर 2024 तक अयोध्या में करीब 13.50 करोड़ पर्यटक एवं श्रद्धालु पहुंचे थे।

# मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान

माघ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को माघी अमावस्या या मौनी अमावस्या कहा जाता है. मौनी अमावस्या का ज्योतिष शास्त्र में बहुत महत्व है. महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन पड़ रहा है. यह बेहद शुभ माना गया है. इस दिन श्रद्धालु मौन धारण करके संगम में स्नान करेंगे. महाकुंभ के अलावा, अन्य श्रद्धालु अन्य नदियों में स्नान करेंगे और पुण्य अर्जित करेंगे.मौनी अमावस्या का शाब्दिक अर्थ है श्मौन रहने वाली अमावस्यागृहस्थ जीवन वालों के लिए मौन व्रत के नियम इस वर्ष मौनी अमावस्या 29 जनवरी को पड़ रही है. इस दिन श्रद्धालु गंगा, नर्मदा समेत अन्य पवित्र नदियों में स्नान करेंगे. साथ ही विधि–विधान से भगवान विष्णु की पूजा की जाएगी। मौनी अमावस्या पर पवित्र नदियों में स्नान के बाद दान करने पुण्य फलों की प्राप्ति होती है. इस दिन मौन व्रत रखने का विधान है हालांकि गृहस्थ लोगों के लिए दिन भर मौन रह पाना थोड़ा मुश्किल है. ऐसे में गृहस्थ लोग पूजा–पाठ करने के बाद अपना मौन व्रत खोल सकते हैं.मौनी अमावस्या 2025 तिथि पंचांग के अनुसार, मौनी अमावस्या की तिथि की शुरुआत 28 जनवरी को रात 07रू35 मिनट पर होगी. वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 29 जनवरी को शाम को 06रू05 मिनट पर होगा. ऐसे में मौनी अमावस्या 29 जनवरी को मनाई जाएगी.शिववास योग मौनी अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का संयोग बन रहा है. शिववास का संयोग मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी को सायं 06रू 05 मिनट तक है. धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव कैलाश पर मां गौरी के साथ विराजमान रहेंगे.सिद्धि योग माघ अमावस्या या मौनी अमावस्या पर सिद्धि योग का भी संयोग बन रहा है. सिद्धि योग का संयोग रात 09रू,22 मिनट तक है. ज्योतिष शास्त्र में सिद्धि योग को शुभ मानते हैं. इस योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी. इसके अलावा मौनी अमावस्या पर श्रवण एवं उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का संयोग बन रहा है. इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होगी.मौनी अमावस्या पर करें दानशास्त्रों के अनुसार मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करने से पुण्य फल कई गुना बढ़ जाता है. इस दिन का धार्मिक महत्व अधिक है. मौनी अमावस्या के दिन व्रत करने वाले व्यक्ति को दान करना चाहिए. इस दिन जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाना चाहिए. ऐसा करने से पितरों की कृपा प्राप्त होती है.ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक इस दिन तेल, कंबल, दूध ,चीनी, अनाज तथा अपने आवश्यकता अनुसार पैसों का दान करना चाहिए. इसके अलावा मौनी अमावस्या के दिन पशु–पक्षियों को भोजन करना चाहिए. ऐसा करते श्री पित्र प्रसन्न होते हैं और जीवन में आ रही तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलती है.महत्व वैदिक ज्योतिष के अनुसार, मौनी अमावस्या तब मनाई जाती है जब माघ महीने के दौरान चंद्रमा और सूर्य मकर राशि में एक साथ आते हैं। मौनी अमावस्या के दिन चंद्रमा और सूर्य दोनों की संयुक्त ऊर्जा के प्रभाव से इस दिन का महत्व और भी अधिक हो जाता है. मकर राशि चक्र की दसवीं राशि है और कुंडली के दसवें घर में सूर्य मजबूत है. ज्योतिष में सूर्य को पिता और धर्म का कारक माना जाता है, इसलिए जब सूर्य और चंद्रमा मकर राशि में मिलते हैं तो मौनी अमावस्या का त्योहार मनाया जाता है.क्या करेंइस दिन सुबह जल्दी उठकर गंगा स्नान करें. यदि आप गंगा स्नान नहीं कर सकते हैं, तो पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें.स्नान के बाद सूर्य देवता को अर्घ्य जरूर दें. ध्यान रहे स्नान करने से पहले तक कुछ बोलें नहीं.मौनी अमावस्या के दिन ज्यादा से ज्यादा ध्यान, प्रार्थना व अन्य धार्मिक क्रिया करें. इस दिन दान जरूर करें. जरूरतमंद लोगों की मदद करें. निस्वार्थ कार्य करना इस दिन शुभ फलदायी होता है.मौनी अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में डुबकी लगाएं ताकि शरीर और आत्मा दोनों शुद्ध हो जाएंमौनी अमावस्या के दिन उपवास करें, ऐसा करना शुभ फल देता है. क्या ना करेंमौनी अमावस्या के दिन मांस–मदिरा और तामसिक भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए.इस दिन केवल सादा भोजन ही करें. साथ ही जितना हो सके मौन रहने की कोशिश करें.मौनी अमावस्या के दिन झूठ बोलने से बचना चाहिए. इसका उल्टा प्रभाव आपके जीवन में पड़ने की संभावना रहती है.मौनी अमावस्या के दिन देर तक सोने से बचना चाहिए. मौनी अमावस्या के दिन नकारात्मक विचारों और भावनाओं को अपने अंदर न आने दें करें इस मंत्र का जापमौनी अमावस्या के दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देना बेहद शुभ माना जाता है.ऐसा कहा जाता है कि इस दिन ऐसा करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है.मौनी अमावस्या के दिन “ॐ आद्य–भूताय विद्महे सर्व–सेव्याय धीमहि, शिव–शक्ति–स्वरूपेण पितृ–देव प्रचोदयात” मंत्र का जाप 108 बार करें.

# पूरी तरह स्वस्थ हैं मथुरा-वृंदावन के बाबा प्रेमानंद महाराज जी, तबीयत खराब होने की उड़ी थी अफवाह



मथुरा–वृंदावन के विश्व प्रसिद्ध संत बाबा प्रेमानंद महाराज जी की तबीयत पूरी तरह सही है। शनिवार को तबीयत बिगड़ने की अफवाह फैल गई थी। ऐसे में बताया गया कि प्रेमानंद महाराज जी पूरी तरह स्वस्थ हैं, उन्हें अभी स्वास्थ्य को लेकर कोई दिक्कत नहीं हैं।प्रेमानंद महाराज जी के भक्त बड़ी संख्या में उनके दर्शन के लिए मथुरा–वृंदावन के आश्रम पहुंचते हैं। हर रोज सुबह परिक्रमा के दौरान प्रेमानंद महाराज जी के दर्शन करते हैं। प्रेमानंद महाराज भगवान कृष्ण के परम भक्त हैं।कृष्ण भक्ति के लिए जाने जाते हैं प्रेमानंद महाराज जीबता दें कि प्रेमानंद महाराज जी एक महान संत हैं, जो विशेष रूप से श्री कृष्ण भक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। वे श्री कृष्ण के परम भक्त हैं और उनके उपदेशों में भगवान श्री कृष्ण के प्रेम और भक्ति का महत्व प्रमुख रूप से उजागर होता है। सत्संग सुनने देश–विदेश से आते हैं भक्त प्रेमानंद महाराज का जीवन और उनका सत्संग मथुरा–वृंदावन में पहुंचने वाले भक्तों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। प्रेमानंद महाराज जी ने भक्तिमार्ग को अपनाकर लोगों को भगवान के साथ एक सच्चे और गहरे संबंध में रहने का मार्ग दिखाया है। उनके दर्शन और सत्संग सुनने के लिए देश और विदेश से भक्त खिंचे चले आते हैं।

पंचांग के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इस एकादशी को भीष्म एकादशी या भूमि एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा और व्रत करने का विधान है। इससे जीवन में सभी सुखों की प्राप्ति होती है। हर महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर व्रत किया जाता है। साथ ही जगत के पालनहार भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की उपा. सना की जाती है। जीवन के पापों से छुटकारा पाने के लिए एकादशी व्रत को बेहद शुभ माना जाता है। एकादशी व्रत पारण का द्वादशी तिथि पर किया जाता है। पंचांग के अनुसार, जया एकादशी व्रत पारण का समय 09 फरवरी को सुबह 07 बजकर 04 मिनट से लेकर 09 बजकर 17 मिनट तक है। जया एकादशी व्रत का पारण के बाद अन्न और धन का दान करें। माना जाता है कि दान करने से व्रत का पूर्ण फल प्राप्त होता है। जीवन में सफलता के मार्ग खुलते हैं।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संपादक
मो:-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

# कासगंज में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने कासगंज-बरेली मार्ग पर किसानों ने धरना प्रदर्शन

कासगंज,: सोमवार को किसानों ने एसपी कार्यालय के सामने मथुरा बरेली हाइवे मार्ग पर जाम लगा दिया। किसानों ने सदर विधायक पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया है। घंटों तक जगे रहे जाम के बाद दोनों ओर से वाहनों की लंबी–लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने किसानों को दो दिन के अंदर अवैध कब्जा को मुक्त कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही हाइवे मार्ग के लिए अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा न दिए जाने का भी आरोप लगाया है। सोमवार की दोपहर होडिलपुर गांव के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में पुलिस कार्यालय के सामने मथुरा बरेली हाइवे मार्ग पर पहुंच गए। जहां भाजपा नेता डीएस लोधी के नेतृत्व में किसान मार्ग पर पहुंच गए और सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। घंटों तक लगे जाम से यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। दोनों ओर से वाहनों की लंबी–लंबी कतारें लग गईं। जाम लगा रहे किसानों का आरोप है की उनकी जमीनों पर भू माफिया कब्जा कर रहे हैं। उनको धमका रहे है, लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस उनकी कोई सुनवाई नही कर रहे है। सदर विधायक देवेंद्र रा. जपूत का संरक्षण है। वह पुलिस पर दबाव बनाकर पीड़ितों की जमीन पर



कब्जा करा रहा है। किसानों को उनकी जमीनों को सरकार के द्वारा अधिग्रहण करने के बाद भी मुआवजा नही दिया जा रहा है। किसानों के धरने के चलते मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स को भी तैनात किया गया है।किसानों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित किसान साहब सिंह ने बताया कि सदर विधायक भूमाफियाओं के साथ मिलकर हमारी पैतृक जमीन पर कब्जा करा रहे हैं। पुलिस भी पीड़ितों को बंद करने की धमकी दे रही है। उठाकर बंद कर देती है, वह परेशान है। रात में पेट्रोल छिड़क कर खुदकुशी करने का प्रयास किया था, लेकिन भाजपा नेता डीएस लोधी ने बचा लिया। वहीं भाजपा नेता डीएम लोधी ने बताया की किसानों की शिकायत और उनकी जायज मांग के बाद भी सिर्फ उन्हे पुलिस आश्वासन दे रही है, लेकिन सुनवाई नही कर रही है। पुलिस के अधिकारियों ने दो दिन के अंदर अवैध कब्जा मुक्त कराने का आश्वासन दिया है, यदि जमीन को मुक्त नहीं कराया गया, तो मार्ग अवरुद्ध कर आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया है। जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। वह निराधार और बेबुनियाद है। मेरा उस जमीन से कोई लेना देना है

## मुस्लिम औरतों की डिमांड करता है जेलर. एटा में वार्डन ने दी सुसाइड की धमकी

टारू उत्तर प्रदेश के एटा जिला कारागार में तैनात वार्डन ने सुसाइड कर लेने की बात कही है। राजीव कुमार नामक दरा. `गा ने वीडियो जारी करते हुए जेलर पर संगीन आरोप लगाए हैं। वीडियो में वार्डन ने ड्यूटी के दौरान छुट्टी नहीं देने, महिलाओं के साथ अय्याशी शोषण का आरोप लगा है। इतना ही नहीं वार्डन ने मुस्लिम महिलाओं की डिमांड किए जाने का आरोप भी लगाया है। हालांकि छठTा ऑनलाइन इसकी पुष्टि नहीं करता है।एटा के राजीव कुमार नामक दरोगा ने खुद वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उन्होंने कारागार के जेलर प्रदीप कश्यप पर अय्याशी, उत्पीड़न करने और छुट्टी नहीं देने के संगीन आरोप लगाए हैं। उन्होंने परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही। वीडियो में जेलर पर आरोप लगाते हुए वह भावुक हो गए और गला रुंध गया।वीडियो में दरोगा कहते हैं कि आ. मतौर पर लोग पुलिस वालों से डरते हैं लेकिन पुलिस वाले कितने दुखी रहते हैं, ये मैं आपको बता रहा हूं। एटा जेल में जेलर प्रदीप कश्यप ने सबकी जिंदगी खराब कर रखी है। शादी के नाम पर



एक नर्स का उत्पीड़न किया। कासगंज की एक लड़की को शादी के लिए गुम. राह कर रखा है। वह मुस्लिम महिला को लाने की मांग करते हैं।इसके साथ ही यह भी आरोप लगाया कि पिछले सत्र में छह महीने छुट्टी नहीं दी। इस सत्र में पांच–छह महीने से छुट्टी नहीं दी है। मैं ड्यूटी करके आ रहा था। बंदियों के सामने मेरी बेइज्जती की। जेल के कर्मचारियों ने मेरे खिलाफ उनको भड़का रखा है। छह–छह महीने बच्चों से रिश्तेदारों से नहीं मिल पाता हूं। मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा है। दोस्तों मैं आपकी दुनिया से जा रहा हूं।वहीं जेल अधीक्षक ने इन सभी आरोपों को बकवास और अनर्गल बताते हुए कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने लिखा कि वर्दी में होते हुए इस तरह के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालना अनुशासनहीनता में आता है।

## एटा जिले के कमसान गांव में शराब पीकर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई

एटा जिले के कमसान गांव में शराब पीकर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के निवासी चंद्र प्रकाश ने एसएसपी श्याम नारायण सिंह को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि गांव में अन्य जातियों के लोग शराब पीकर ब्राह्मण बस्ती में घूमते हैं। जिससे महिलाओं और बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।जांच कराकर कार्रवाई की जाएगीब्राह्मण समाज एकता परिषद की ओर से की गई शिकायत में बताया गया कि इस समस्या के कारण अब तक 50 परिवार गांव छोड़कर जा चुके हैं। वर्तमान में रह रहे 25 परिवार भी पलायन को मजबूर हैं। स्थानीय चौकी पर शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जावड़ा चौकी इंचार्ज को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी कोतवाली देहात अमित कुमार का कहना है कि शिकायतकर्ता अभी तक थाने नहीं आया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कासगंज सीसी निर्माण में मानकों की . अनदेखी, लोगों ने जताया विरोध

अमांपुर, कस्बे के गुड़मड़ी में कराए गए सड़क सीसी निर्माण में मानक की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी से निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है।अमांपुर कस्बे के गुड़मड़ी में नगर पंचायत के द्वारा सीसी का निर्माण कराया जा रहा है। गुणवत्ता अच्छी नहीं होने की वजह से सीसी रोड अभी से उखड़ने लगी हैं। सड़क निर्माण के कार्य में अनियमितता बरतने की शिकायत लोगों द्वारा मिल रही है। सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सीसी निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक से कम सामग्री लगाई जा रही हैं।सड़क में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे लोगों में ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश देखने को मिल रहा है। मांग करने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता, मनोज यादव, नगर अध्यक्ष केशवदेव गुप्ता, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज गुप्ता, किताब सिंह, अशोक गुप्ता, रमन गुप्ता, राजीव कुमार, गौरव कुमार, राहुल आदि हैं।अमांपुर कस्बे के गुड़मड़ी मार्ग पर सीसी निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं। जो मानक के अनुसार नहीं किया जा रहा हैं। सड़क



पड़ते ही खराब होने लगी है– रमन गुप्ता, गुडमड़ी अमांपुर।अमांपुर कस्बे के गुड़मड़ी में नगर पंचायत के द्वारा सीसी निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं। गुणवत्ता अच्छी नहीं होने से अभी से सीसी उखड़ने लगी है। निमार्ण में अनियमितता बरती जा रही है

## सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय लापरवाही मामूली सर्दी–खांसी के इलाज के लिए आए 7 वर्षीय मासूम की कंपाउंडर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन से मौत

एटा जिले के सकीट विकासखंड के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय लापरवाही का एक मामला सामने आया है। मामूली सर्दी–खांसी के इलाज के लिए आए 7 वर्षीय मासूम की कंपाउंडर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन से मौत हो गई।सेना कलां के रहने वाले सुभान सिंह का बेटा प्रशांत सर्दी–खांसी की की दबा लेने परिजनों संग स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा था। परिजनों के अनुसार, उस समय अस्पताल में न तो डॉक्टर रविंद्र कुमार थे और न ही डॉक्टर मनोज गुप्ता मौजूद थे। वहां मौजूद कंपाउंडर ने बिना किसी डॉक्टर की सलाह के बच्चे को इंजेक्शन लगा दिया।इंजेक्शन लगते ही बच्चे की हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने घबराकर बच्चे को तुरंत एटा के जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।बच्चे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में को. हराम मच गया। मां का रो–रोकर बुरा हाल है और उनकी चीखें सुनकर हर किसी का कलेजा दहल रहा है। परि. जनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव को घर ले जाना पसंद किया। मृतक के चाचा चंचल ने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मच. ारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।मामले पर चाचा मुकेश ने बताया कि सकीट ब्लाक बच्चे को ले गए थे जहां मौजूद कंपाउंडर ने इंजे. क्शन लगा दिया । इंजेक्शन लगाते ही बच्चा ठंडा पड़ता चला गया और एटा लाए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। कलेजे के टुकड़े के ठंडे पड़े शव को सीने से लगाकर दहाड़ मार कर



रोती मां की चीखों ने झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल परिजन मृत बच्चे के शव को वापस घर ले गए हैं।उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया मामला संज्ञान में है, सेना कलां गांव का बच्चा सकीट दवा लेने आया था, वहां डॉक्टर अभिषेक वर्मा मौजूद थे। इंजेक्शन तो सही लगाया होगा फिर भी जांच करवा रहे हैं। एटा में बच्चे को लाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया है। मामले की गहनता से जांच करवाई जा रही है।

## तीन वर्षीय मासूम से घिनौनी हरकत करने .वाला फूफा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

एटा : कोतवाली नगर पुलिस ने नाबा. लिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्याम नारायण सिंह के निर्देशन, लेकिन उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे जिस पर क्षेत्राधिकारी नगर अशोक कुमार सिंह के नेतृतमें वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।जिसमें पुलिस के अनुसार, आरोपी हीरालाल पुत्र पंजाबीलाल, निवासी हिंदू नगर, थाना कोतवाली नगर एटा, पर थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मुकदमा संख्या 35625 केतहत धारा 65(2) बीएनएस और 5एम6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था। आरोपी पर तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस टीम ने आज दिनांक 26जनवरी 2025 को करीब 1रू20 बजे जीटी रोड पर पूर्व विधायक



रामेश्वर शर्मा सिंह यादव के फार्महाउस यार्ड के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ थानास्तर पर आवश्यक वैधानिक जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक राजेश चौहान, निरीक्षक बेगराम सिंह, उप निरीक्षक रोहित राठी, उप निरीक्षक महेंद्र सिंह वघेल और कांस्टेबल सतेंद्र कुमार, पिंटू कुमार तथा राहुल कुमार शामिल थे।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चौहान ने बताया कि तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ घिनौनी वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस गिरफ्तारी से स्थानीय लोगों में पुलिस की कार्यक्षमता पर भरोसा बढ़ा है।आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस नेकहा कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि समाज में ऐसे जघन्य अपराधों की पुनरावृत्ति न हो। मामले की जांच जारी है।

## बिजली कर्मचारियों द्वारा किया गया अवैध से निर्माण



जनपद कासगंज में मिट्टी तेल डिपो के सामने सहावर के बिजली विभाग के कर्मच. ारियों द्वारा चक रोड के सामने अवैध रूप से निर्माण कराया।जबकि जूनियर इंजीनियर साहब ने मना किया। तब भी नही माने ने कर्मचारी जबकि पहले से ही उस जगह ट्रांसफार्मर पहले से ही लगा हुआ था ।इन्हा. `ने पैसे लेकर के दूसरी जगह अवैध निर्माण कर दिया ।दूसरी जगह लगाने की किया जरूरत थी अवैध निर्माण की अपील एसडीएम महोदय ,तहसीलदार महोदय साहब एवं जिला मजिस्ट्रेट साहब से दरख्वास्त की इस प्रकरण को संज्ञान में ले । अवैध निर्माण करने बाले कर्मचारी संजू , विकास ओर एक व्यक्ति और ही उसका नाम पता है। अवैध निर्माण को हटाया जाए अगर यह निर्माण नही हटा तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी ।

**कासगंज जनपद के कछला घाट की घटना गाड़ी में लगी आग को देख लोगों में मची अपरा तफरी**



कासगंज आगजनी की घटनाएं आये दिन सामने आती हैं बीते दिनों भी कई गाड़ियां आग का गोला बनने की घटनाएं संज्ञान में आईं। ऐसा ही एक नजारा सामने आया जहां एक बोलेरो गाड़ी में भीषण आग लग गई जिससे गाड़ी जलकर राख हो गई। मामला जनपद कासगंज के गंगा नदी के कछला के पुल का है जहां उस समय पब्लिक में अफरा तफरी मच गई जब एक बोलेरो गाड़ी में आग लग गई और धू धू कर जल रही थी। जब गाड़ी में आग लगी तो बो आग ऐसी थी कि मानो एक तमासा बन गई हो आग से जल रही गाड़ी को सभी देख रहे थे लेकिन इतने मजबूर की आग को बुझा नहीं सकते क्यों कि आग इतनी भीषण थी कि आग बुझाना तो बहुत दूर की बात है उसके पास जाना तक बहुत ही मुश्किल था। इतनी बड़ी आगजनी में गनीमत यह रही कि कोई व्यक्ति आग की चपेट में नहीं आया , समय रहते मौका मिलते ही सभी लोग गाड़ी से बाहर निकल गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई